| |
|---|
| दिनांक 08.04.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 13/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## <u>पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 को SKOCH Award का certificate भेंट किया गया</u>

**श्री प्रशान्त कुमार** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को आज दिनांकः 08.04.2025 को श्री नवीन अरोरा अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें द्वारा प्रतिष्ठित SKOCH Award का certificateभेंट किया गया। विदित हो कि ''**इन्वेस्टिगेशन प्रॉसिक्यूशन एण्ड कन्विक्शन पोर्टल**'' को "Police & Safety" श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस की तकनीकी सेवाएँ इकाई द्वारा **"इन्वेस्टिगेशन, प्रॉसिक्यूशन एंड कन्विक्शन पोर्टल"** माफिया, POCSO, बलात्कार एवं अन्य गंभीर और संवेदनशील अपराधों की पहचान कर मामलों की समयबद्ध विवेचना और चार्जशीट दाखिल करने की प्रक्रिया की लगातार निगरानी करता है। साथ ही, यह मुकदमों के कोर्ट में ट्रायल की प्रभावी मॉनिटरिंग के ज़रिए त्वरित न्याय सुनिश्चित करता है।

उक्त पोर्टल के माध्यम से अब तक लगभग 85,000 दोषसिद्धियाँ प्राप्त की जा चुकी हैं और पांच वर्ष से अधिक पुराने 40,000 से अधिक लंबित मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया है। इस पहल ने जनता के बीच कानून व्यवस्था में विश्वास और भरोसे को मजबूत किया है।

इस पोर्टल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सदस्यों श्रीमती तरु माथुर एवं श्री अंकित प्रताप यादव को भी विशेष रूप से सराहा गया। राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान उत्तर प्रदेश पुलिस की नवाचार–युक्त पुलिसिंग, व्यावसायिक दक्षता और निष्पक्ष न्याय के प्रति समर्पण को दर्शाता है।


SKOCH AWARD
POLICE & SAFETY
SILVER
PREMIER

| |
|---|
| दिनांक 08.04.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 14/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद हाथरस/थाना सहपऊ**

- **पुलिस कार्यवाही में 25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की 01 मोटर साइकिल**
- **04 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 08.04.2025 को थाना सहपऊ व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पिहुरा बम्बे के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–राजा उर्फ शिवा 2–भावेश घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट की 01 मोटर साइकिल, 04 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त राजा उर्फ शिवा के विरूद्ध जनपद हाथरस व हरियाणा प्रान्त के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग, अभियुक्त भावेश के विरूद्ध जनपद हाथरस व हरियाणा प्रान्त के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सहपऊ पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सहपऊ पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राजा उर्फ शिवा निवासी ग्राम परसौली थाना चंदपा जनपद हाथरस।

2—भावेश निवासी ग्राम मांगरू थाना सादाबाद जनपद हाथरस।

**बरामदगी**

1—लूट की 01 मोटर साइकिल।

2—04 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद कुशीनगर/थाना रामकोला

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 08.04.2025 को थाना रामकोला, थाना को0पडरौना, थाना कप्तानगंज, थाना रविन्द्रनगर धूस, थाना नेबूआ नौरंगिया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर परसौनी के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—कुतुबुद्दीन उर्फ छोटू 2—जावेद अख्तर उर्फ लड्डुन घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त कुतुबुद्दीन उर्फ छोटू के विरूद्ध जनपद कुशीनगर व बिहार प्रान्त के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त जनपद कुशीनगर से वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रामकोला पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कुतुबुद्दीन उर्फ छोटू निवासी सोहरौना थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर।

2–जावेद अख्तर उर्फ लड्डन निवासी परसौनी थाना रामकोला जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1–02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–घटना में प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन।

3–01 मोटर साइकिल।

## जनपद फिरोजाबाद/थाना मटसेना

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद**

दिनांक 07.04.2025 को थाना मटसेना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खडेरिया से हरदासपुर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त प्रेमबाबू उर्फ भूरा घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसके विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना मटसेना पर पंजीकृत अभियोग में वांछित

चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मटसेना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—प्रेमबाबू उर्फ भूरा निवासी बवाइन थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

## जनपद जौनपुर/थाना मड़ियाहूं

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 21 हजार 500 रूपये नगद**
- **लूट की 01 दो पहिया वाहन, 01 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 07.04.2025 को थाना मड़ियाहूं पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रजमलपुर पोखरे के पास से 06 अभियुक्तों 1—धर्मेन्द्र 2—अंकित 3—आशुतोष 4—शनि 5—सोनू 6—राकेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट के 21 हजार 500 रूपये नगद, लूट की 01 दो पहिया वाहन, 01 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना मडियाहूं क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मडियाहूं पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, दो पहिया वाहन आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना मड़ियाहूं पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—धर्मेन्द्र निवासी ग्राम तरसड़ा थाना फूलपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2—अंकित निवासी औरैला थाना मडियाहूं जनपद जौनपुर।

3—आशुतोष निवासी परमानन्दपुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर।

4—शनि निवासी ताजुद्दीनपुर थाना मडियाहूं जनपद जौनपुर।

5—सोनू निवासी कुत्तूपुर थाना मडियाहूं जनपद जौनपुर।

6—राकेश निवासी नासही थाना जफराबाद जनपद जौनपुर।

**बरामदगी**

1—लूट के 21 हजार 500 रूपये नगद।

2—लूट की 01 दो पहिया वाहन, 01 मोबाइल फोन।

3—घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि।

## जनपद कौशाम्बी/थाना सैनी

- **25 हजार रूपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **01 स्कार्पियो वाहन बरामद**

दिनांक 08.04.2025 को थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नगियामई मोड़ के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अरविन्द उर्फ अभिषेक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 01 स्कार्पियो वाहन बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना सैनी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सैनी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरविन्द उर्फ अभिषेक निवासी टेवा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी।

**बरामदगी**

1–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

2–01 स्कार्पियो वाहन।

## जनपद सिद्धार्थनगर/थाना चिल्हिया

- **25 हजार रूपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 08.04.2025 को थाना चिल्हिया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त मिथिलेश उर्फ मिट्ठू को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना चिल्हिया पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मिथिलेश उर्फ मिट्ठू निवासी जगदीशपुर राजा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

## जनपद सिद्धार्थनगर/थाना मोहाना

- **पुलिस कार्यवाही में 06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **भारी मात्रा में पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 07/08.04.2025 को थाना मोहाना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आलमनगर बंधा के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल

सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–इरशाद घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–शहजाद 3–राहुल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशादेही पर अभियुक्त 4–दिनेश कुमार उर्फ मंजे 5–हबीबुल्लाह 6–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से भारी मात्रा में पीली–सफेद धातु के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 05.04.2025 की रात्रि थाना मोहाना क्षेत्रान्तर्गत हुई घटना के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे।

इस सम्बन्ध में थाना मोहाना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इरशाद निवासी गौहनिया थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

2–शहजाद निवासी गौहनिया थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

3–राहुल निवासी गौहनिया थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

4–दिनेश कुमार उर्फ मंजे निवासी गौहनिया थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

5–हबीबुल्लाह निवासी गौहनिया थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

6–अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–भारी मात्रा में पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद अलीगढ़/थाना लोधा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 30 लाख रूपये कीमत के 04 कुन्तल 39 किलो 17 ग्राम अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त 01 कैन्टर बरामद**

दिनांक 08.04.2025 को थाना लोधा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भरतपुर मार्ग पर तिराहे से अभियुक्त राहुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 30 लाख रूपये कीमत के 04 कुन्तल 39 किलो 17 ग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त 01 कैन्टर बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना लोधा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राहुल निवासी ग्राम बहेडिया थाना कोतवाली जनपद कासगंज।

**बरामदगी**

1–लगभग 30 लाख रूपये कीमत के 04 कुन्तल 39 किलो 17 ग्राम अवैध गांजा।

2–घटना में प्रयुक्त 01 कैन्टर।

## जनपद मथुरा/थाना साइबर क्राइम

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **07 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 08.04.2025 को थाना साइबर क्राइम मथुरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त वरूण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 07 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो फर्जी कम्पनी बनाकर भोले–भाले लोगो को कम्पनी में कार किराये पर लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर फर्जी एग्रिमेन्ट से वाहनो को गिरवी रखने की घटना कारित की जाती है।

इस सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–वरूण निवासी कृष्णानगर गोकुल धाम थाना कोतवाली जनपद मथुरा।

**बरामदगी**

1–07 चार पहिया वाहन आदि।

————————